BSES

बीएसईएस की *तत्काल* सेवा

पूजा–पंडाल व रामलीलाओं के लिए एक दिन में लें बिजली का कनेक्शन

नई दिल्लीः 27 सितंबर, 2016। दिल्ली में प्रदूषण के बढ़ते स्तर और त्यौहारों के मौसम को देखते हुए, बीएसईएस ने पूजा, पंडाल और रामलीला, आदि के लिए *तत्काल* कनेक्शन देने का फैसला किया है। इन कार्यों के लिए अब एक दिन में बिजली का अस्थायी कनेक्शन उपलब्ध कराया जाएगा। बीएसईएस की तत्काल सेवा से पूजा, रामलीला, आदि के आयोजकों को डीजल से चलने वाले जेनरेटरों का उपयोग नहीं करना पड़ेगा, जिससे दिल्ली का पर्यावरण बेहतर होगा। ग्रिड की बिजली जेनरेटर की बिजली के मुकाबले सस्ती, सुरक्षित शोर–मुक्त व प्रदूषण रहित है।

अस्थायी कनेक्शन के लिए आवेदन करने के बाद अगर उपभोक्ता की ओर से जरूरी कागजात जमा करा दिए जाते हैं और डिमांड नोट का भुगतान कर दिया जाता है, तो आवेदन वाले दिन ही उपभोक्ता को बिजली का कनेक्शन दे दिया जाएगा। आमतौर पर अस्थायी कनेक्शन की प्रक्रिया में तीन से पांच दिन का वक्त लगता है। फेस्टिव सीजन में बड़ी संख्या में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन को ध्यान में रखते हुए, बीएसईएस की ओर से *तत्काल* कनेक्शन की सेवा दी जा रही है। शादी के समारोहों व कंस्ट्रक्शन के कार्यों के लिए भी तत्काल कनेक्शन का ऑफर दिया गया है।

तत्काल अस्थायी कनेक्शन के लिए, बीआरपीएल उपभोक्ता 19123/ 39999707 और बीवाईपीएल उपभोक्ता 19122/ 39999808 पर फोन करके या अपने डिविजन ऑफिस में जाकर सामान्य व्यावसायिक औपचारिकताओं को पूरा कर सकते हैं। बीएसईएस की वेबसाइट और मोबाइल ऐप पर भी तत्काल अस्थायी कनेक्शन के लिए, ऑनलआइन आवेदन किया जा सकता है। अस्थायी कनेक्शन के लिए जारी किए गए डिमांड नोट का भुगतान भी उपभोक्ता ऑनलाइन या मोबाइल ऐप के जरिये कर सकते हैं। वैसे, बीएसईएस के निर्धारित काउंटरों पर भी डिमांड नोट का भुगतान किया जा सकता है।

उपभोक्ता द्वारा व्यावसायिक औपचारिकताओं को पूरा करने और डिमांड नोट का भुगतान करने के बाद, उसी दिन उसे बिजली का अस्थायी कनक्शन उपलब्ध कराने के लिए बीएसईएस की टीम ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। *तत्काल* कनेक्शन उपलब्ध कराने में कंपनी की विशाल आईटी नेटवर्क का भी अहम योगदान रहेगा।

बीएसईएस प्रवक्ता के मुताबिक– बीएसईएस की पूरी टीम तत्काल कनेक्शन की योजना को संभव बनाने की कोशिशों में जुट गई है। बीएसईएस का विशाल आईटी नेटवर्क इस योजना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह स्कीम बीएसईएस उपभोक्ताओं के लिए त्योहारी सीजन को और यादगार बनाएगी।

वैसे, त्योहारों के इस सीजन में बिजली की चोरी बढ़ जाती है। बिजली चोरी की जांच के लिए बीएसईएस टीम हाई अलर्ट पर रहेगी। बिजली चोरों के पकड़ने के लिए डेटा के विश्लेषण पर फोकस किया जाएगा और उस हिसाब से जरूरी कदम उठाए जाएंगे। बीएसईएस ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि उत्सव को सेलिब्रेट करने के लिए तत्काल कनेक्शन लें। चोरी की बिजली इस्तेमाल करना न सिर्फ आर्थिक रूप से उन पर भारी पड़ सकता है, बल्कि त्योहारों के इस मौसम में उन्हें सामाजिक तौर पर शर्मिंदगी भी उठानी पड़ सकती है।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल और बीवाईपीएल रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के बीच संयुक्त उद्यम हैं।